शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूंगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81
E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुड़े
dr.amws
@DrAMWS2022
@bhimchannel22
डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

जसवन्त सम्पतराम IPS (Retd.)	बनवारी लाल बैरवा	दयानन्द सक्करवाल	जी.एल. वर्मा
अध्यक्ष	वरिष्ठ उपाध्यक्ष	कोषाध्यक्ष	महासचिव
मो. 9414308305	मो. 9001195384	मो. 9634418411	मो. 9829688869

क्रमांक: DrAMWS/2023/GS/1375 दिनांक : 17.08.2024

सूचना

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 2317/2011, पंजाब राज्य बनाम दविंद्र सिंह में पारित निर्णय के विरोध में सोशल मीडिया में अज्ञात व्यक्तियों/संगठनों द्वारा दिनांक 21.08.2024 को भारत बंद का आह्वान किया गया है | इस भारत बंद को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाने हेतु जयपुर, राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति के अधिकारों पर कार्यवाही करने हेतु पूर्व में गठित अनुसूचित जाति, जनजाति आरक्षण मंच राजस्थान द्वारा एक **"अनुसूचित जाति-जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति राजस्थान"** का गठन किया गया है | जिसके संयोजक श्री जे.पी.विमल आईएएस, से.नि. एवं सदस्य सचिव डॉ. जी.एस. सोमावत हैं एवं अन्य प्रबुद्धजनों के साथ राजस्थान में कार्यरत अधिकतर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विभिन्न सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष एवं महासचिव पदेन सदस्य हैं | डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, जयपुर भी अनुसूचित जाति-जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति राजस्थान में शामिल हैं | इस संघर्ष समिति द्वारा दिनांक 18.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस द्वारा इस भारत बंद को शांतिपूर्ण रूप से आयोजित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये जायेंगे जिनकी अनुपालना डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, जयपुर की जिला एवं अन्य शाखाओं द्वारा जिलों में कार्यरत अन्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के संगठनों के साथ मिलकर किया जाना अपेक्षित है | भारत बंद में सभी आवश्यक सेवाएँ बाधित नही हों और प्रदेश में सामाजिक सौहार्द बना रहे, सुनिश्चित किया जाना सभी से अपेक्षित है |

जसवन्त सम्पतराम IPS, (Retd.)
अध्यक्ष

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. केन्द्रीय कार्यसमिति पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण
2. समस्त जिला एवं अन्य शाखा कार्यकारिणी |
3. वेबसाइट
4. सूचना पट्ट

महासचिव